सितारा श्रेणियों की अनुमोदित होटल परियोजनाओं के प्रवर्तकों को 3% ब्याज इमदाद प्रदान करती है। तथापि, पहचान किए गए यात्रा परिपथों, पर होटलों गन्तव्यों और हैरिगेज होटल परियोजनाओं के संबंध में ब्याज इमदाद 5% है । यह ब्याज इमदाद टी.एफ.सी.आई., आई.एफ.सी.आई. राज्य वित्तीय निगमों से लिए गए ऋणों पर उपलब्ध है ; यह रियायत उत्तर प्रदेश में होटलों पर भी लागू हैं।

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

Opening of New Institute of Tourism and Travel Management

4103. SHRI RAM NATH KOV1ND: DR. RANB1R SINGH; WiU the Minister of TOURISM be pleased to state:

(a) whether Government propose to open new Institute of Tourism and Travel Management in some States and Union Territories during current and next financial year;

(b) if so, names of places identified so far; and

(c) if not, the reasons therefor? THE MINISTER,OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF TOURISM SHRI SRIKANTA KUMARJENA): (a) and (b) Yes, Sir. The Departmenthas a proposal to open two more branches of HTM during the 9 th Five Yeer plan period subject to availability of funds. The places have not yet been identified.

हानि उठाने वाले पर्यटक केन्द्र

4104 : **श्री रामजीलाल :**
श्री एन. थलवै सुन्दरम :

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में राज्य-वार कुल कितने पर्यटन केन्द्र हैं ;

(ख) इनमें से कितने पर्यटक केन्द्र हानि में चल रहे हैं और इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान इनमें से प्रत्येक केन्द्र द्वारा उठायी गई हानि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है ?

संसदीया कार्य मंत्री और पर्यटन मंत्री (श्री श्रीकान्त कुमार जैना : (क) से (ग) भारत में सैकड़ों पर्यटक केन्द्र हैं जिन्हें पर्यटक देखने आते हैं। तथापि, इन केन्द्रों का हनि में चल हैं या अन्य प्रकार से, वर्गीकरण नहीं किया जा सकता।

भारत यात्रा करने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या

4105. प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विदेशी पर्यटक से वर्ष-वार कुल कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की गई है ;

(ख) विश्व पर्यटन बाजार में भारत की प्रतिशतता कितनी है; और

(ग) पर्यटन को बढावा देने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है ?

संसदीय कार्य मंत्री और पर्यटन मंत्री (श्री श्रीकान्त कुमार जैना) : (क) और (ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान भारत में आए विदेशी पर्यटकों की कुल संख्या तथा पर्यटक से अर्जित अनुमानित विदेशी मुद्रा आय नीचे दिए अनुसार है :-

वर्ष	विदेशी पर्यटक आगमन	अनुमानित विदेशी मुद्रा आय (रु. करोड़ों में)
1994	1886433	7240.92
1995	2123683	8640.02
1996	2287860	10061.36